




# तीन महीने से खुला धूम रहा बच्ची को बेसुध अवस्था में पहुंचाने वाला आरोपी

## नागपुर में अधूरा इलाज करवाकर छोड़ आया आरोपी, मौसी मां करवा रही इलाज



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाडा,6 नवम्बर**. तीन महीने पहले लावाघोघरी के बोदलढाना में सड़क हादसे में घायल 9 साल की बच्ची को बेसुध अवस्था में पहुचाने वाला आरोपी आज भी खुला धूम रहा है। पुलिस ने आज तक उस पर कोई मामला दर्ज नहीं किया है। मौसी मां उसका तीन महीने से इलाज करवा रही है। अब उसके पास पैसे भी खत्म हो गए है। जिला अस्पताल से भी उसे डिस्चार्ज कर दिया गया है।

सियावती ने बताया कि मोनिका भोपा उसकी छोटी बहन की बेटी है। उसके दो बेटे है। मोनिका के माता-पिता नहीं होने के कारण उसे बोदलढाना लेकर आ गए थे। वह यहां रहकर पढ़ाई लिखाई कर रही थी। घर के सामने खेलते समय मोटर साइकल वाले ने टक्कर मार दी थी। उसके नाक मुंह और कान से खून बह रहा था। वह बेहोश सड़क पर पड़ी थी। टक्कर मारने वाले को पकड़कर इलाज के लिए नागपुर ले गए। वहां श्योर टेक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बताया गया कि सिर में गहरी चोट है।

तीन दिन तक उसने इलाज करवाया। इसके बाद वह भागकर आ गया। जैसे तैसे हम लोगों ने यहां वहां से पैसे उधार लेकर उसका इलाज करवाया। पैसे खत्म होने के बाद अस्पताल वालों ने डिस्चार्ज कर दिया। उसके घर लेकर लेकर आ गए। करीब पंद्रह दिन के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से भी डिस्चार्ज कर दिया है।

मेरी बच्ची कुछ बोल नहीं पा रही है। वह बेसुध है। उसका सब कुछ मैं ही कर रही हूं। यह बताते बताते महिला फबक-फबक कर रो पड़ी। रोते रोते उसने बताया कि अब मेरे पास इलाज कराने क लिए पैसे भी नहीं है। पुलिस ने अभी तक मोटर साइकल वाले की रिपोर्ट नहीं लिखी है। हालांकि पुलिस ने क्या कार्रवाई की है, यह देखने के बाद ही पता चलेगा। फिलहाल तो मोटर साइकल वाले ने बच्ची का भविष्य बर्वाद कर दिया।

### मां की कर दी थी हत्या

सियावती ने बताया कि बेटी के पिता ने कोरोना के पूर्व पत्नी की हत्या कर दी थी। जिसके बाद उन्हें सजा हो गई। तब से बेटी हमारे पास रह रही है। हम उसका पालन पोषण कर रहे है। उसे पढ़ा लिखा रहे है। उसके माता-पिता की स्थिति के बाद मोटर साइकल वाले ने उसे भी ऐसी अवस्था में पहुंचा दिया। उसकी जिदंगी बर्वाद कर दी।

# आग में जलकर मक्के का ढेर राख

## अज्ञात कारणों के चलते लगी आग, शिकायत पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाडा,6 नवम्बर.पांढुर्णा के खारी वार्ड में मंगलवार को एक किसान के खेत में रखे मक्के के ढेर में अचानक आग लगने से पूरा मक्का जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। हालांकि तब तक मक्के का ढेर जलकर राख हो चुका था। आग लगने का कारण अब तक पता नहीं चला है।**

किसान सुरेश जोगेकर के मुताबिक यह घटना मंगलवार की अल सुबह की है। उन्होंने दो एकड़ में मक्के की बुवाई की थी। कुछ ही दिनों में मक्के को काटकर खलिहान में ही रखा गया था, लेकिन इस ढेर में पता नहीं कैसे आग लग गई। घटना की शिकायत थाने में और तहसील कार्यालय में की हैं। थाना प्रभारी अजय मरकाम का कहना है कि किसान की शिकायत मिली है। बीट प्रभारी को इसकी जांच कराने के निर्देश दिए हैं। जांच के बाद ही आग लगने के कारण स्पष्ट हो पाएंगे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# विद्युत कनेक्शन की बाट जोह रहा ट्रीटमेंट प्लांट

**प्लांट में 20 से अधिक मशीनों को किया जाएगा ऑपरेट, अधिकारी जता रहे जल्द शुरू होने की संभावना**

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाडा,6 नवम्बर. सर्रा स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं कोलाढाना पंपिंग स्टेशन को हाईवोल्टेज बिजली कनेक्शन दिया जा चुका है। एसटीपी सर्रा में 900 केवीए, कोलाढाना पंपिंग स्टेशन में 500 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जा चुका है। इसके बावजूद अभी प्लांट तक करंट नहीं पहुंचा है। इस कारण नवंबर के पहले सप्ताह शुरू होने वाला सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रायल रन, अब दूसरे सप्ताह के बाद शुरू हो सकता है।**

सीवरेज कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि भारी भरकम मशीनों को चलाने वाले वेंडरों का इंतजार है, इसके साथ अभी तक बिजली कंपनी से करंट की सप्लाई नहीं हो रही है। फिलहाल पहले सप्ताह होने वाली ट्रायल रन, दूसरे सप्ताह तक के लिए टाल दी गई है। शहर में सीवरेज कंपनी ने अब तक 244 किमी तक सीवर लाइन डाल दिया है। कुल 268 किमी लाइन डाली जानी है, लगभग 24 किमी लाइन डालने के लिए कंपनी को एक बार फिर छठवीं बार समय सीमा बढ़ाई गई है, इस बार 31 दिसंबर 2024 तक का समय दिया गया है। योजना की लागत करीब 200 करोड़ रुपए है, और अब तक 135 करोड़ रुपए से अधिक का काम हो चुका है।नगर निगम के कार्यपालन यंत्री ईश्वर सिंह चंदेली का कहना है कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की बिजली से जुड़ी समस्त औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं, दीपावली के कारण अभी कंपनी के काफी वेंडर नहीं आए। प्लांट में 20 से अधिक मशीनों को ऑपरेट किया जाना है, इसके लिए पूरी सावधानी के साथ प्लांट का ट्रॉयल होगा। दूसरे सप्ताह का समय लिया गया है।

# रोल प्रेक्षक श्री कुमार की उपस्थिति में स्टेंडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन 10 नवंबर को

**छिन्दवाड़ा, 06 नवंबर.** म.प्र.राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के कार्य की समीक्षा के संबंध में मध्यप्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम भोपाल प्रबंध संचालक दिलीप कुमार 10 नवंबर 2024 को छिंदवाड़ा भ्रमण के दौरान दोपहर 12 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में स्टेंडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया है । अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी छिंदवाड़ा श्री के.सी.बोपचे ने सांसद/ विधायक एवं सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों से इस बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है ।

# 11 नवंबर को एक दिवसीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, 06 नवम्बर.** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिंदवाड़ा में 11 नवंबर 2024 को एक दिवसीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला (PMNAM) का आयोजन किया जाएगा। इस मेले का आयोजन कलेक्टर कौशल विकास संचालनालय, मध्यप्रदेश के तत्वावधान में किया जा रहा है। इसमें Cummins Technologies India Pvt. Ltd, Dewas (50 पद), S.K. Automobiles, Chhindwara (5 पद) और VE Commercial Vehicles Ltd, Bhopal (50 पद) जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। यह मेला ITI उत्तीर्ण 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए रोजगार का एक सुनहरा अवसर लेकर आया है। चयनित अभ्यर्थियों को 7,700 से 12,060 रुपये प्रति माह स्टाइपेण्ड के साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा/सीवी के साथ 11 नवंबर को प्रातः 10 बजे साक्षात्कार हेतु आयोजन स्थल पर पहुंचें। भर्ती प्रक्रिया अप्रेन्टिसशिप नियमों एवं कंपनियों की शर्तों के अनुसार होगी। प्रतिभागिता हेतु यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# दीपावली के बाद प्रशासन करेगा अतिक्रमण पर कार्रवाई

## त्यौहार के पहले हटाया गया था अतिक्रमण, फिर से जम गया अतिक्रमण



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाडा,6 नवम्बर. शहर में अतिक्रमण ने दोबारा पैर पसार लिए है। हालात यह है कि फव्वारा चौक, मुख्य डाकघर, इतवारी, बुधवारी, शनिचरा सहित अन्य स्थानों में फिर से अतिक्रमण वापस जम गए है। बता दें कि दीपावली पर्व के कारण प्रशासन अतिक्रमण करने से पीछे हट गया था। अब त्यौहार खत्म हो गया है।**

अब सवाल यह उठ रहा है कि प्रशासन अतिक्रमण कारियों पर कार्रवाई करेगा। यह अतिक्रमण कारी प्रशासनिक अधिकारियों को खुली चुनौती दे रहे हैं। उनका सीधा सीधा यह मतलब है तुम हमें हटाकर देखो हम फिर वही अतिक्रमण करेंगे। अब सवाल यह उठ रहा है कि कभी शहर इन अतिक्रमणकारियों से मुक्त हो पाएगा? क्या प्रशासन इन अतिक्रमणकारियों के सामने इतना बौना हो गया है कि इन पर कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। हालांकि आम जनता के मन में भी यही सवाल उठ रहे है।

### श्रीनाथ स्कूल के पास फिर जमा अतिक्रमण

श्रीनाथ स्कूल से कलेक्ट्रेट जाने वाला वीआई मार्ग है। यहां तत्कालीन कमिश्नर इच्छित गढ़पाले ने शानदार पार्क का निर्माण करवाया था। रात के समय झरने, सेल्फी पाइंट और पार्क में बैठने की व्यवस्था बनाई थी। वही ओपन फिटनेस क्लब भी बनाए गए थे। जिनके आसपास गुमठीधारियो ने कब्जा कर लिया है। पंद्रह दिन पहले यहां से तकरीबन एक दर्जन अतिक्रमणकारियों को हटा दिया गया था। इसके बाद इन अतिक्रमणकारियों ने फिर वापस गुमठी सजा दी है। जो कलेक्टर को ही खुली चुनौति दे रहे है।

### पोलाग्राउंड के सामने फिर हो गया अतिक्रमण

पोला ग्राउंड के सामने जाने वाले मुख्य मार्ग के दोनों ओर और पीडब्ल्युडी के सामने मुख्य मार्ग के दोनों ओर भी करोड़ों रूपए खर्च कर फुटपाथ बनाए गए है। वही शानदार शो-दार पौधे भी लगाए गए। इन अतिक्रमण कारियों ने अतिक्रमण कर करोड़ों के फुटपाथ बर्बाद कर दिए। पौधों को सुखा दिया। सड़क किनारे बने पार्क बर्बाद कर दिए। प्रशासन ने इन्हें कुछ दिन पहले इन्हें हटा दिया था। यह अतिक्रमणकारी फिर वापस जमना शुरू हो गए है।

### खुली चुनौती दे रहे अतिक्रमणकारी

क्लीन छिंदवाड़ा ग्रीन छिंदवाड़ा तत्कालीन कमिश्नर ने छिंदवाड़ा से अतिक्रमण हटाकर शहर के सभी फुटपाथ पर पार्क, सेल्फी पाइंट का निर्माण किया गया। जो शहर को चार चांद लगा रहे थे। इसकी बदौलत छिंदवाड़ा को 14वी रैंक मिली थी। यह बादशाहदत ज्यादा दिनों तक कायम नहीं रह पाई। अब शहर के फुटपाथों पर बनाए गए पार्क, सुंदर फुटपाथ अतिक्रमण कारियों ने पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। अतिक्रमण हटाने के बाद बार बार यह लोग फिर कब्जा कर लेते है। इसके बाद भी प्रशासनिक अधिकारी कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रहे है। यह अतिक्रमणकारी प्रशासन का खुली चनौती दे रहे है।

# राजकुमार निर्वाचित जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष

## आठ राउंड में सम्पन्न मतगणना, फटाखे फोड़कर मनाई खुशियां

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाडा,6 नवम्बर. जिला अधिवक्ता संघ केचुनाव में अध्यक्ष पद के लिए राजकुमार मिश्रा निर्वाचित हुए है। उन्हें सबसे ज्यादा 372 वोट मिले।**

**वही उपाध्यक्ष पद पर सुनील लालवानी, पुस्तकालय सचिव पद पर सूर्यकांत वर्मा, सहसचिव पद पर अवधेश श्रीवास्तव, वित्त सचिव पद पर जय राय और सामान्य सचिव पद पर नंदू साहू ने जीत दर्ज की है। सभी ने जीत का जश्न मनाया। अध्यक्ष को फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया गया।**

बता दे कि मंगलवार को अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और कार्यकारिणी पदाधिकारियों के लिए वोटिंग हुई थी। जिसमें 771 कुल मत डाले गए थे। छंटनी के बाद मतदाता सूची में कुल 886 मतदाताओं को मतदान करने का अधिकार मिला था, जिसमें से 771 अधिवक्ताओं ने अपने मतों का उपयोग किया था। वहीं आज मतगणना प्रक्रिया पूरी की गई।



### उपाध्यक्ष उम्मीदवार ने जड़े आरोप

बार एसोसिएशन चुनाव में उपाध्यक्ष पद की उम्मीदवार ममता नामदेव ने चुनाव प्रक्रिया पर सवालिया निशान लगाए है। श्रीमती नामदेव ने कहा कि इन चुनाव को राजनैतिक पार्टी ने हाईजैक कर लिया है। प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं के अलावा भी अन्य अधिकवक्ता चुनाव प्रक्रिया में शामिल हुए है। जो न प्रेक्टिस करते है और न कभी कोर्ट में आते है। मैं पिछले 25 सालों से प्रेक्टिस कर रही हूं। परिसर में महिलाओं के लिए बैठने की व्यवस्था भी नही हैं और न ही वॉशरूम है।

### किस उम्मीदवारों को कितने मिले मत

**अध्यक्ष:**राजकुमार मिश्रा 372, रामेसिंह चौधरी 163, संजय गुर्जर 118, राजेंद्र सिंह बैस 97
**उपाध्यक्ष:** सुनील लालवानी 296, राजकुमार पवार 283, श्रीमती ममता नामदेव 90, श्याम शिवहरे 71
**सामान्य सचिव:**देवेंद्र कुमार वर्मा 277, अजय भांगे 129, नंदकिशोर साहू 298
**सह सचिव:**हिमेश शुक्ल 291, अवधेश श्रीवास्तव 312, नीतू यादव 111
**वित्त सचिव:**जय राय 446, संजय कुमार चौकसे 115, शरद मालवीय 140
सचिव पुस्तकालय:सूर्यकांत वर्मा 416, राजेंद्र कुमार पारधे 78

**वारदात** | खाना खाने के दौरान हुआ था विवाद, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

# आरोपी ने पत्नी और मौसेरे भाई को डंडे मारकर किया घायल





**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाडा,6 नवंबर. रावनवाड़ा थाना क्षेत्र के खंसवाड़ा गांव में बुधवार की सुबह खाना खाने के दौरान जरा सी बात पर विवाद हो गया। पति ने आव देखा न ताव पत्नी पर डंडे से दनादन वार कर दिए। बीच-बचाव करने आए उनके दादा को नहीं बक्शा। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।**

जिसके बाद परिजनों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी पत्नी पर शक करता था। इसीलिए उसे मारा है।

जानकारी में अभिनंद यादव उम्र 21 साल ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे मेरी मां शर्मिला यादव मेरे पिता सीताराम पिता विश्राम यादव उम्र 55 साल को खाना परोस रही थी। इसी दौरान पिता ने अचानक डंडा उठाया मां को दे मारा। इस घटना में पत्नी का सिर में गंभीर चोट आई है। उसके दोनों हाथ भी फैक्चर हो गए। वह लहूलुहान अवस्था में जान बचाकर भागी। बाजू वाले के घर के आंगन में बेहोश होकर गिर गई। बीच बचाव करने के आए दादा को सिर पर डंडा दे मारा। इस हादसे में वह भी गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों के इस बात की सूचना उसके लड़के को दी। उसने तत्काल घर आकर देखा मम्मी और दादा घायल जमीन पर पड़े हुए है। उसने 108 की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तीन दिन पहले आया थे दादा

इस विवाद में जो वृद्ध घायल हुए है। वह रिश्ते में आरोपी मौसेरा भाई है। वह तीन दिन पहले ही आरोपी के यहां मेहमानी में आए हुए थे। वह जमुनिया के रहने वाले है। बीच-बचाव के कारण उनकी यह स्थिति हो गई। वह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे है।

### पत्नी पर करता था शक

आरोपी के दो बेटे है। बड़ा बेटा 21 साल और दूसरा तकरीबन 20 साल का है। आरोपी अपनी पत्नी पर शक करता था। इसी शक के चलते उनके बीच आए दिन विवाद होते रहते थे। पत्नी ने कई बार पति को समझाया, लेकिन उसके दिमाग से शक खत्म नहीं हुआ। आखिकार शक के चलते उसने पत्नी को मार-मार कर अधमरा कर दिया। यदि पत्नी भागती नहीं तो शायद जन पर भी बन आ सकती थी।

Reg.No.:NH/1068/SEP-2020
सोनारे मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आयुषमान योजना के तहत यूरोसर्जरी एवं हड्डीयों के ऑपरेशन की निःशुल्क सुविधा
महिलाओं एवं गायनिक से संबंधित सभी प्रकार के उपचार की सुविधा उपलब्ध है
24x7 HOUR AVAILABLE
सोनारे डायगोस्टिक सेंटर
सभी प्रकार की सोनोग्राफी एक्सरे एवं खून व पेशाब से संबंधित जांच की सुविधा उपलब्ध....
24 घन्टे आकस्मिक चिकित्सा डिजीटल एक्सरे दवाईयां,पैथालॉजी, लैब, एम्बूलेंस की सुविधा
अपॉईनटमेंट हेतु कॉल करे मो. 9424694330, 8357981408,9039161817

आरोग्य हेल्थकेयर
MULTISPECIALIY HOSPITAL
जिले का एकमात्र कार्डिएक केयर हॉस्टिल
24x7 Emergency Services
एन्जिोग्राफी, एन्जियोप्लास्टी, 2 डी ईको
सर्जिकल, क्रिटिकल, एक्सीडेंटल एवं ट्रॉमा केयर
निःशुल्क पथरी के ऑपरेशन ,हड्डी के सभी प्रकार के ऑपरेशन, निःशुल्क एन्जियोग्राफ्री एवं एन्जियोप्लास्टी आयुष्मान कार्ड धारको के लिए
हार्ड अटैक का संपूर्ण उपचार नि :शुल्क,आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत
परासिया रोड, पूजा होटल के पास,छिंदवाड़ा(म.प्र.)
6262640425, 6262640426
9425845755, 9691938897

विवांता क्रिटिकल केयर
24x7 Emergency Services
2D इको द्वारा हार्ट की जांच एंव हार्ट स्पेशलिस्ट द्वारा जांच मात्र 1000/- रू
यूरोलॉजिस्ट द्वारा निःशुल्क परामर्श एंव यूरोफलोमेट्री, सिस्टोस्कोपी जॉच (दूरबीन द्वारा पेशाब की थैली की जॉच)
निःशुल्क एंव CT यूरोग्राफी
~~6000~~ 2500/- मात्र
दिनांक 01 सिंतबर से 30 सिंतबर तक आज ही अपॉइंटमेंट बुक करें
HELPLINE NO- 9709702191
देव हाइटस, LIC ऑफिस के बाजू में, परासिया रोड,छिंदवाड़ा

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी,प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन,नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित ।संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589